## मनोनीत एल्डरमैन का पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने किया सम्मान

**नरसिंहपुर।** जिले के पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने अपने निज निवास पर नगर पालिका के नव मनोनीत एल्डरमैनों से सौजन्य भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने सभी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि नगर के विकास



में एल्डरमैन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और सभी को जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने और नगर के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर मनोनीत एल्डरमैन विनोद जैन, अरविन्द नोरिया, हेमराज यादव एवं शैलेन्द्र राय उपस्थित रहे। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि सभी ने पूर्व राज्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का विश्वास दिलाया कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई, जिसमें नगर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।



# हर्षोल्लास, भक्ति-भाव और श्रद्धा के साथ मनाई गयी महावीर स्वामी की जयंती

### सारे संसार का मंगल हो, यही कामना करते हैं

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

सनातन परम्परा के प्रकाशित सूर्य व जियो ओर जीने दो का महान संदेश देने वाले तीर्थंक्कर भगवान महावीर स्वामी की जयंती नगर में हर्षोल्लास व भक्ति-भाव और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। नगर के स्टेशन,कंदेली व नरसिंहपुर बस्ती दिगम्बर एवं श्वेतांबर जैन मंदिरों में प्रातःसे पूजन, अभिषेक,शंतिधारा, आरती ओर पाठ क्किये गये वहीं कंक्रदेली स्थित दिगम्बर एवं श्वेतांबर जैन मंदिर से नगर का भ्रमण करती हुयी श्री जी की शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का स्वागत व श्रीजी की आरती सभी वर्गो के लोगों क्ने कर पुण्य लाभ अर्जित क्किया। शोभायात्रा में अनुशासन और श्रद्धा व भक्ति के साथ,उत्साव का भाव रेखांकित क्किया गया। इस पर शोभायात्रा में शामिल लोगों ने एक स्वर में भगवान महावीर के संदेशों का उदघोष कर वातावरण में धर्म मय ध्वजा फहरा दी। सारे संसार का मंगल हो,यही कामना क्करते हैं,जो प्रेम प्रीत की शिक्षा दे,वही धर्म हमारा संबल हो ,के भजन को शोभायात्रा में लोगों ने गाकर इस भव सागर से पार होने की भावना भायी।भगवान महावीर क्के संदेशों ओर उपदेशों व शिक्षाओं का गान क्करती महिलाओं व बच्चे व बालिकाओं ने एकक अलग ही छटा बिखेरी। शोभायात्रा भ्रमण क्के दौरान श्री जी की आरती जगह जगह की गयी । आरती करते समय श्रृद्धालुओं ने भगवान महावीर की शिक्षाओं ओर प्रेरणाओं को आत्मसात क्करने का आचरण से मन बनाया। दोपहर में नवयुवकों ने वाहन रैली निकाली। सामाजिकक संस्थाओं के साथ नगर वासियों ने शोभा यात्रा का स्वागत क्किया। दोपहर के समय जैन मंदिरों में विशेष पूजन क्के साथ विविध धार्मिक कार्य क्रम आयोजित क्किये गये। रात्रि 7 बजे से महाआरती,शास्त्र वाचन के साथ भजन संध्या,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन क्किया गया। साथ साथ धार्मिक्क ज्ञान को बढ़ाने व जानने के लिए प्रश्नोत्तरी का जिज्ञासा पूर्ण कार्य क्रम क्किया गया इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी जैन मंदिरों में आर्क्षित साज-सज्जा के साथ मन भावन विद्युत लाईटिंग पर लोगों का बरबस ही ध्यान आकर्षित किया।

# महावीर जयंती पर विहिप ने शुरू की शीतल जल सेवा, जय स्तंभ चौक पर प्याऊ का शुभारंभ



**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी मालवा।**

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर समिति सिवनी मालवा द्वारा भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर शीतल जल सेवा कार्य का शुभारंभ करते हुए स्थानीय जय स्तंभ चौक पर प्याऊ का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नगर सेवा प्रमुख विनोद रघुवंशी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के भाव के साथ निरंतर सेवा कार्य करता आ रहा है। महावीर जयंती के अवसर पर इस पुनीत कार्य की शुरुआत उसी सेवा



भावना का प्रतीक है। उद्घाटन कार्यक्रम में पूज्य आचार्य पुनीत दुबे, पुरोहित घनश्याम तिवारी, प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रितेश जैन, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री रघुवीर सिंह राजपूत, विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी, जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह यूईके सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान श्रीरामचंद्र जी की पूजा-अर्चना कर मटकों एवं जलकुंड का पूजन किया तथा नगरवासियों को जल पिलाकर शीतल जल सेवा कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर आचार्य पुनीत दुबे ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच शीतल जल सेवा भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का जीवंत उदाहरण है, जहां सेवा को ही धर्म माना गया है। वहीं रघुवीर सिंह राजपूत ने कहा कि इस पहल से आमजन को राहत मिलेगी और विहिप का यह प्रयास सराहनीय है। प्रवीण अवस्थी ने जल सेवा को श्रेष्ठ बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सेवा कार्य मानवता के प्रति समर्पण और सनातन संस्कारों की सशक्त अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम का संचालन सनूप सिंह यदुवंशी ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन विनोद रघुवंशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विहिप के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिक, मातृशक्ति एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## आगजनी से बर्बाद फसल, ग्रामीणों ने दिखाई मिसाल

**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।** क्षेत्र के ग्राम चतरखेड़ा में बीते दिनों हुई एक दर्दनाक आगजनी की घटना ने पूरे गाँव को झकझोर कर रख दिया। किसान संग्राम सिंह की लगभग चार एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल अचानक लगी आग में पूरी तरह जलकर राख हो गई। कुछ ही मिनटों में सालभर की मेहनत नष्ट हो जाने से किसान और उसका परिवार



गहरे सदमे में आ गया। घटना के बाद जहां एक ओर शासन-प्रशासन से मिलने वाले मुआवज़े को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर ग्रामवासियों ने एकजुटता और मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। संकट की इस घड़ी में पूरा गाँव संग्राम सिंह के समर्थन में खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल सहयोग अभियान शुरू करते हुए आपसी योगदान से अब तक करीब 35 से 40 क्विंटल गेहूं एकत्रित कर लिया है। यह सहायता न केवल आर्थिक रूप से सहारा दे रही है, बल्कि किसान को मानसिक रूप से भी मजबूत बना रही है कि वह इस मुश्किल समय में अकेला नहीं है। ग्राम चतरखेड़ा के लोगों का यह सराहनीय कदम समाज के लिए प्रेरणादायक है। यह घटना दर्शाती है कि विपत्ति के समय सामूहिक सहयोग और एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत होती है।

## राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उठाई मध्य प्रदेश के ओलावृष्टि प्रभावित किसानों की आवाज



**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

नई दिल्ली के सांसद भवन में आयोजित सभा में मध्यप्रदेश में हाल ही में हुई अत्यधिक ओलावृष्टि, भारी वर्षा और तेज हवाओं के कारण किसानों की तैयार रबी फसलों को हुए भारी नुकसान का मुद्दा आज राज्यसभा में गूंजा। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने 'विशेष उल्लेख' (Special Mention) के माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान प्रदेश के गंभीर कृषि संकट की ओर आकर्षित किया। सांसद नारोलिया ने सदन में बताया कि प्रदेश के लगभग 25 जिले, विशेष रूप से उज्जैन, धार, रतलाम और शाजापुर में गेहूं और अन्य रबी की फसलें पूरी तरह तबाह हो गई हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, कटाई के इस चरम समय पर गेहूं की फसल गिरने और दानों के झड़ने से किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है। फसल के साथ-साथ सिंचाई पाइप और भंडारण जैसी कृषि संपत्तियों को भी भारी क्षति पहुंची है। किसानों की चिंता साझा करते हुए श्रीमती नारोलिया ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और निम्नलिखित मुख्य सुझाव रखे। जिलावार क्षति का सटीक सर्वे कर रिपोर्ट पूर्ण करने की समय-सीमा तय की जाए। प्रभावित क्षेत्रों में NDRF और SDRF के मानदंडों के अनुसार अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्रदान की जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के तहत सरलीकृत दस्तावेजीकरण के साथ किसानों को समय पर मुआवजा सुनिश्चित हो। सरकारी केंद्रों पर फसल की गुणवत्ता के मानकों में थोड़ी ढील देते हुए सुचारू खरीद सुनिश्चित की जाए।

### किसी ने मकान बनाया तो किसी ने खेत, राजस्व दल ने कार्रवाई के लिए तैयार की सूची

# श्रीजी मेले की सरकारी जमीन पर 10 लोगों का निकला कब्जा

**यशवंत मेवाडे**
**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**



जिला राजगढ़ कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को खिलचीपुर श्रीजी मेले की शासकीय जमीन का सीमांकन कराया गया। राजस्व विभाग की पांच सदस्यीय टीम पुलिस बल और नगर परिषद के अमले के साथ मौके पर पहुंची और सर्वे नम्बर 667 की जमीन का सीमांकन किया। सीमांकन के दौरान आधुनिक रोवर मशीन का उपयोग किया गया। इसके जरिए जमीन की सटीक माप कर स्थायी सीमा चिन्ह स्थापित किए गए, ताकि भविष्य में विवाद की स्थिति न बने।



**कई तरह के अवैध कब्जे आए सामने**

सीमांकन के दौरान सरकारी जमीन पर अलग-अलग तरह के कब्जे सामने आए। किसी ने यहां मकान बना लिया था, तो किसी ने जमीन को खेत में बदलकर खेती शुरू कर दी थी। जांच के दौरान कहीं ढाबा संचालित होता मिला, तो कहीं ईंट भट्टा लगा हुआ पाया गया। कुछ लोगों ने तो जमीन पर फसल बोकर उसकी कटाई भी कर ली थी।

**10 लोगों का मिला अवैध कब्जा**

कार्रवाई के दौरान मौके पर कुल 10 लोगों का अवैध कब्जा पाया गया। राजस्व टीम ने सभी कब्जाधारियों और मौके पर मौजूद लोगों की सूची तैयार कर ली है। तैयार की गई सूची को आगे की कार्रवाई के लिए तहसीलदार न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**78 बीघा जमीन शासकीय बताई गई**

पटवारी जीतमल दांगी के अनुसार, सर्वे नम्बर 667 का कुल रकबा करीब 103 बीघा है, जिसमें से लगभग 78 बीघा जमीन शासकीय है। करीब 26 बीघा जमीन कुछ भू-स्वामियों के नाम दर्ज बताई जा रही है। इस जमीन की अलग से जांच की जाएगी, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

**राजस्व अमला रहा मौजूद**

इस सीमांकन कार्य में जीरापुर के राजस्व निरीक्षक दुर्गेश राठौड़, खिलचीपुर के डीएल अंसल, राजगढ़ के शनि गुप्ता और पटवारी जीतमल दांगी सहित अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे। इस कार्रवाई से साफ है कि प्रशासन अब शासकीय जमीन पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपना रहा है और आने वाले समय में और भी कार्रवाई की जा सकती है।

## जनगणना से जुड़े कार्य की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करने फील्ड ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**पीपुल्स प्रवक्ता, नर्मदापुरम।**

जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत जिले में संचालित फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत द्वितीय बैच के तीसरे दिन का प्रशिक्षण सोमवार, 30 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से फील्ड विजिट कराई गई, जिससे उन्हें जमीनी स्तर पर कार्य की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराया जा सके। इसके साथ ही प्रशिक्षण सत्र को अधिक प्रभावी एवं सहभागितापूर्ण बनाने के लिए रोल प्ले, क्विज प्रतियोगिता तथा फीडबैक फॉर्म भरवाए गए। जिला प्रभारी जनगणना सुश्री आयुषी यादव, मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इन गतिविधियों के माध्यम से फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के माध्यम से फील्ड स्तर पर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए ट्रेनर्स को सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के सफल संचालन हेतु जिले में चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## विधायक हजारीलाल दांगी ने 5.35 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया



**पीपुल्स प्रवक्ता संवाददाता, खिलचीपुर।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दूंदाहेड़ी में 5.35 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क एवं 25 लाख की लागत से बनने वाली बाउंड्री वाल का भूमिपूजन रविवार को क्षेत्र लोकप्रिय विधायक हजारीलाल दांगी के कर कमलों से संपन्न हुआ इस अवसर पर बालचन्द दांगी पूर्व जिला सह कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गौड़ जिला सह कोषाध्यक्ष मण्डल महामंत्री भारत सिंह तोमर सरपंच संघ अध्यक्ष श बलवंत सिंह सिसोदिया ,आई टी सेल जिला संयोजक , मण्डल उपाध्यक्ष बबलू सोनी , मांगीलाल परमार सरपंच सियाराम दांगी, वरिष्ट नेता, चौथमल दांगी, रायसिंह दांगी आदि सहित भाजपा पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधि गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य विषयों के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

# संवाद योजनांतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय मासिक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिंहपुर।**

नवांकुर संस्थाओं की कार्यक्षमता में वृद्धि, नर्सरी प्रबंधन की तकनीकी जानकारी प्रदान करने, विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर की संवाद योजनांतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय मासिक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड चांवरपाठा के खामघाट स्थित नवांकुर नर्सरी में आयोजित किया गया। इस दौरान भारद्वाज जनकल्याण समिति ईश्वरपुर द्वारा संचालित नवांकुर नर्सरी खामघाट और श्री तुलसीराम पटेल के खेत में निर्मित सीपीटी (कैटल प्रोडक्शन कैनाल) संरचना का निरीक्षण किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था की गई है। इसे जल संरक्षण की दिशा में एक



महत्वपूर्ण पहल बताया गया। वन विभाग के डिप्टी रेंजर श्री राजेंद्र सिंह रजत, श्री अनुजपाल सिंह चौहान ने नर्सरी स्थल पर ही प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से रोपणी तैयार करने की विधियों, आवश्यक सावधानियों, पौधों के संरक्षण व संवर्धन, बीज चयन, मिट्टी की तैयारी, पौध संरक्षण, सिंचाई प्रबंधन तथा रोग नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इसके उपरांत खामघाट में संत दद्दा धाम आश्रम में नर्सरी प्रबंधन एवं रोपणी निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा ने त्रैमासिक कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए पूर्व कार्यों का मूल्यांकन किया एवं आगामी गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने समयबद्ध एवं लक्ष्य आधारित कार्य करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, आपसी समन्वय, समयबद्ध क्रियान्वयन एवं योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया। विकासखंड समन्वयक करेली श्रीमती माधवी पाठक ने दस्तावेजीकरण, अभिलेख संधारण एवं उनके संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। विकासखंड समन्वयक गोटेगांव श्री प्रतीक दुबे ने संस्कार केंद्रों के संचालन एवं रोपणी गतिविधियों की जानकारी साझा की। विकासखंड समन्वयक चीचली श्रीमती स्मिता दांडे ने नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक कार्यों की समीक्षा की।

## हनुमान जन्मोत्सव पर होंगें विविध कार्यक्रम निकाली जायेगी भव्य शोभा यात्रा

**नरसिंहपुर।** बल,बुद्धि और मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाले श्री राम भक्त श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर में 2 अप्रेल को पूर्व की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनायी जायेगी। नगर के धार्मिक स्थलों व श्री हनुमान मंदिरों में जन्मोत्सव को मनाये जाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।जन्मोत्सव दिवस पर विविध पूर्जन अर्जन के साथ रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ,हनुमान चालीस,हवन-पूर्जन, अभिषेक,उपवास,महाआरती,चोला वंदन,भंडारा,प्रसाद वितरण अन्य धार्मिक कार्य क्रमक्किये जायेंगें ।इस अवसर पर शोभा यात्रा भी निकाली जावेगी जो नगर के मुख्य मागों में भ्रमण करेगी। मुख्य रूप से गुदरी स्थित हनुमान मंदिर,क्कृष्ण व राममंदिर,बाबा घाट कृष्णा वार्ड में पंचमुखी हनुमान मंदिर, स्टेशन



चौकी स्थित हनुमान मंदिर, गया दत्त वार्ड में राम मंदिर स्थित हनुमान मंदिर,रौंसरा हनुमान मंदिर,सिद्ध के झिरना हनुमान मंदिर,बरगी रेल्वे फाटक हनुमान मंदिर,चरहाई हनुमान मंदिर,इंद्रा वार्ड में हनुमान मंदिर,नगरपालिका चौरहा हनुमान मंदिर,सिविल कोर्ट,तहसील परिसर,सिंचाई कालोनी,थाना प्रागंण स्थित,पीएचई कार्यालय ,वनविभाग,अनगढ़ मंदिर,बड़ेपूल के पास,नरसिंह वार्ड स्थित मनोक्कामनेश्वर मंदिर,नृसिंह मंदिर,झिरना स्थित,सदर मढिया,जरजोला रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर जी में आयोजन होगें। श्री हनुमान जयंती के अवसर पर होने वाले धार्मिक कार्य क्रमों में उपस्थित होकर धर्म-लाभ अर्जित करने की अपील मंदिर समितियों ने की है।